भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1031**

दिनांक 04.03.2015/13 फाल्गुन, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**वर्ष 2011 की जनगणना के धार्मिक आंकड़ो का जारी किया जाना**

**1031. श्रीमती वानसुक साइम :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने वर्ष 2011 की जनगणना के धार्मिक आंकड़ो को, जिन्हें सामाजिक-आर्थिक तथा अन्य सूचकों से संबंधित अन्य आकड़ो को जारी किए जाने के समय गोपनीय रखा गया था, जारी करने का निर्णय़ लिया है:

(ख) क्या केन्द्रीय तथा राज्य दोनो ही स्तरों पर नीति निर्माण हेतु एक समेकित एवं संतुलित दृष्टिकोण विकसित करने के लिए 2011 की जनगणना के अंतर्गत संगृहीत संपूर्ण जनसांख्यिकीय आंकड़ो को जारी किए जाने की मांग होती रही हैः और

(ग) क्या राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण की रिपोर्टो के साथ-साथ वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़े उपभोक्ता विपणन कंपनियों हेतु अपने अभियानों की योजना बनाने के लिए आधिकारिक आधार बन गए है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

(क) : जनगणना, 2011 के धर्म-वार आंकड़ों को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

(ख) : जनगणना में एकत्र किए गए संपूर्ण जनांकिकीय आंकड़ों को जारी करने की सतत मांग हमेशा से रही है। तथापि, विभिन्न, मानकों के अंतर्गत एकत्र किए गए जनगणना आंकड़ों को अंतिम रूप दिए जाते ही उनकी मांग पर ध्यान दिए बिना जारी कर दिया जाता है।

(ग) : जनगणना एवं एन.एस.एस.ओ. आंकड़ों के सार्वजनिक डोमेन में होने के चलते ये केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और अन्य एजेन्सियों सहित विभिन्न प्रयोक्ताओं के उपयोग के लिए उपलब्ध हैं।

*****